L.L.B.

| Set No. 1 | 12U/103/28 | Question Booklet No. 3875 |
|---|---|---|

*(To be filled up by the candidate by blue/black ball-point pen)*

Roll No. | | | | | | | | |

Roll No.
*(Write the digits in words)* ..............................................................

Serial No. of OMR Answer Sheet ..........................................

Day and Date .............................................................. ..................................................... (Signature of Invigilator)

## INSTRUCTIONS TO CANDIDATES

(Use only **blue/black ball-point pen** in the space above and on both sides of the Answer Sheet)

1. Within 10 minutes of the issue of the Question Booklet, check the Question Booklet to ensure that it contains all the pages in correct sequence and that no page/question is missing. In case of faulty Question Booklet bring it to the notice of the Superintendent/Invigilators immediately to obtain a fresh Question Booklet.
2. Do not bring any loose paper, written or blank, inside the Examination Hall *except the Admit Card without its envelope.*
3. A separate Answer Sheet is given. *It should not be folded or mutilated. A second Answer Sheet shall not be provided. Only the Answer Sheet will be evaluated.*
4. Write your *Roll Number and Serial Number of the Answer Sheet by pen* in the space provided above.
5. **On the front page of the Answer Sheet, write by pen your Roll Number in the space provided at the top, and by darkening the circles at the bottom. Also, wherever applicable, write the Question Booklet Number and the Set Number in appropriate places.**
6. No overwriting is allowed in the entries of Roll No., Question Booklet No. and Set No. (if any) on OMR sheet and also Roll No. and OMR Sheet No. on the Question Booklet.
7. Any change in the aforesaid entries is to be verified by the invigilator, otherwise it will be taken as unfair means.
8. Each question in this Booklet is followed by four alternative answers. *For each question, you are to record the correct option on the Answer Sheet by darkening the appropriate circle* in the corresponding row of the Answer Sheet, by ball-point pen as mentioned in the guidelines given on the first page of the Answer Sheet.
9. For each question, darken only one circle on the Answer Sheet. If you darken more than one circle or darken a circle partially, the answer will be treated as incorrect.
10. *Note that the answer once filled in ink cannot be changed.* If you *do not wish to attempt* a question, leave all the circles in the corresponding row blank (such question will be awarded zero mark).
11. For rough work, use the inner back page of the title cover and the blank page at the end of this Booklet.
12. Deposit *only the OMR Answer Sheet* at the end of the Test.
13. You are not permitted to leave the Examination Hall until the end of the Test.
14. If a candidate attempts to use any form of unfair means, he/she shall be liable to such punishment as the University may determine and impose on him/her.

[ उपर्युक्त निर्देश हिन्दी में अन्तिम आवरण-पृष्ठ पर दिये गए है ] [No. of Printed Pages : 44+2

www.bwcampus.com

Time/समय : 2 Hours/घण्टे **Full Marks/पूर्णांक :** 450

This paper consists of Objective Type Questions and is divided into TWO Sections (I and II) as under :

यह प्रश्न-पत्र बहुविकल्पीय प्रश्नों पर आधारित है तथा दो खण्डों (I एवं II) में विभक्त है, जैसा कि नीचे वर्णित है :

(a) **Section—I** consists of **130** Objective Type Questions on General Awareness, Current Affairs, Common Legal Knowledge, Aptitude and Mental Ability.

(क) **खण्ड—I** में **130** बहुविकल्पीय प्रश्न सामान्य ज्ञान, सामयिक विषयों, सामान्य विधिक जानकारी, अभिरुचि एवं मानसिक योग्यता पर आधारित हैं।

(b) **Section—II** consists of **20** Objective Type Questions on (i) English Language and (ii) Hindi Language.

(ख) खण्ड—**II** में **20** बहुविकल्पीय प्रश्न (i) अंग्रेजी भाषा और (ii) हिन्दी भाषा के ज्ञान पर आधारित हैं।

A candidate is required to attempt as many questions as he/she can of **Section—I**, and questions of **ANY ONE** of the TWO Language papers (i) English or (ii) Hindi in **Section—II.**

अभ्यर्थी से अपेक्षित है कि **खण्ड—I** तथा **खण्ड—II** के (i) अंग्रेजी या (ii) हिन्दी भाषा ज्ञान के अधिकाधिक प्रश्नों को हल करें।

**Note/नोट :** (1) Each question carries **3** marks. **One** mark will be deducted for each incorrect answer. Zero mark will be awarded for each unattempted question.

प्रत्येक प्रश्न **3** अंक का है। प्रत्येक गलत उत्तर के लिए **एक** अंक काटा जाएगा। प्रत्येक अनुत्तरित प्रश्न का प्राप्तांक शून्य होगा।

(2) If more than one alternative answers seem to be approximate to the correct answer, choose the closest one.

यदि एकाधिक वैकल्पिक उत्तर सही उत्तर के निकट प्रतीत हों, तो निकटतम सही उत्तर दें।

(3) Each question is followed by **Four** alternative answers (1), (2), (3) and (4). Only one of these answers is correct. Select the correct answer and record it against the relevant question by darkening the circle with **Ball Point Pen** in the Answer Sheet, as per the guidelines.

प्रत्येक प्रश्न के **चार** वैकल्पिक उत्तर सुझाए गए हैं जिन्हें (1), (2), (3) तथा (4) संकेतों में दर्शाया गया है। इनमें से केवल एक ही उत्तर सही है। सही उत्तर का चयन कीजिए तथा उसके संकेत को उत्तर-पत्र में तत्सम्बन्धी प्रश्न के सामने निर्देशानुसार उचित वृत्त (गोलाई) को **बाल प्वॉइंट पेन** द्वारा काला करके दर्शाइए।

www.bwcampus.com

**Section—I**

**खण्ड—I**

1. The act of unlawfully entering into another's property is

(1) confinement (2) restraint (3) appropriation (4) trespass

किसी की सम्पत्ति पर विधि विरुद्ध प्रवेश का कार्य है

(1) परिरोध (2) अवरोध (3) विनियोग (4) अतिचार

2. What does *ab initio* refer to?

(1) Towards the end (2) From the beginning

(3) Initial burden (4) Absolutely

*एब इनिशियो* का क्या तात्पर्य है?

(1) अन्त की ओर (2) आरम्भ से (3) प्रारम्भिक भार (4) आत्यन्तिक रूप से

3. In law a man is presumed to be dead if he is not heard of as alive for

(1) 5 years (2) 10 years (3) 7 years (4) 8 years

विधि के अन्तर्गत किसी व्यक्ति को मृत मान लिया जाता है यदि उसे जीवित नहीं सुना गया है

(1) 5 वर्ष से (2) 10 वर्ष से (3) 7 वर्ष से (4) 8 वर्ष से

4. A husband is obliged to maintain his divorced wife

(1) throughout her life (2) 25 years

(3) 10 years (4) till she gets remarried

एक पति अपनी तलाकशुदा पत्नी के भरण-पोषण हेतु बाध्य है

(1) उसके जीवनकाल तक (2) 25 वर्ष तक

(3) 10 वर्ष तक (4) जब तक वह पुनर्विवाह नहीं कर लेती

www.bwcampus.com

**5.** Which is the highest Criminal Court in a District?

(1) Sessions Court (2) District Court

(3) Chief Judicial Magistrate (4) District Judge

एक जिले में सर्वोच्च आपराधिक न्यायालय कौन-सा है?

(1) सत्र न्यायालय (2) जिला न्यायालय

(3) मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी (4) जिला न्यायाधीश

**6.** A man commits the offence of adultery if he has sexual intercourse with

(1) ex-wife (2) minor girl

(3) wife of another man (4) None of the above

एक विवाहित पुरुष जारकर्म का अपराध करता है यदि वह मैथुन करता है

(1) पूर्व पत्नी के साथ (2) अवयस्क लड़की के साथ

(3) किसी अन्य पुरुष की पत्नी के साथ (4) उपरोक्त में से कोई नहीं

**7.** Sometimes a person himself does not commit an offence. He helps or aids another person. He is then guilty of

(1) abetment (2) conspiracy (3) attempt (4) preparation

कभी-कभी एक व्यक्ति स्वयं अपराध नहीं करता। वह दूसरे व्यक्ति को मदद या सहायता करता है। वह तब दोषी है

(1) दुष्प्रेरण का (2) षडयंत्र का (3) प्रयत्न का (4) तैयारी का

**8.** Copyright subsists after the death of the author for

(1) 50 years (2) 25 years (3) 30 years (4) 60 years

प्रतिलिप्याधिकार लेखक की मृत्यु के बाद अस्तित्व में रहता है

(1) 50 वर्षों तक (2) 25 वर्षों तक (3) 30 वर्षों तक (4) 60 वर्षों तक

www.bwcampus.com

**9.** The National Law School at Bangalore was established in

(1) 1985 (2) 1986 (3) 1988 (4) 1987

बंगलौर में नेशनल लॉ स्कूल की स्थापना हुई थी

(1) 1985 में (2) 1986 में (3) 1988 में (4) 1987 में

**10.** *A* borrows money from *B* and gives some land as security for payment of the debt. The arrangement is called

(1) pledge (2) hypothecation

(3) hire-purchase (4) mortgage

*A* कुछ रुपये *B* से उधार लेता है तथा ऋण के संदाय हेतु कुछ भूमि प्रतिभूति के रूप में रखता है। इस व्यवस्था को कहा जाता है

(1) गिरवी (2) आडमान (3) भाड़ा-क्रय (4) बन्धक

**11.** If a witness makes a statement in the Court, knowing it to be false, he commits the offence of

(1) forgery (2) sedition (3) perjury (4) mistake

यदि कोई साक्षी न्यायालय में कोई कथन जानते हुए कि यह झूठा है, कहता है, तो वह अपराध करता है

(1) कूटरचना का (2) राजद्रोह का (3) शपथ-भंग का (4) भूल का

**12.** In which of the following countries death sentence is awarded in the case of rape?

(1) China (2) USA (3) UK (4) Australia

निम्नलिखित में से किस देश में बलात्कार के मामले में मृत्युदण्ड की सजा दी जाती है?

(1) चीन (2) यू०एस०ए० (3) यू०के० (4) ऑस्ट्रेलिया

**13.** A law made by an Act of Parliament is called

(1) Rules (2) Acts (3) Notification (4) Statute

www.bwcampus.com

संसद का कोई अधिनियम किस रूप में जाना जाता है?

(1) नियम (2) अधिनियम (3) अधिसूचना (4) संविधि

**14.** Assault and nuisance are

(1) offence under Criminal Law (2) offence under tort

(3) not wrong under neither (4) wrong under both

हमला एवं उपताप हैं

(1) आपराधिक विधि में अपराध (2) अपकृत्य विधि में अपराध

(3) दोनों में से किसी में भी दोष नहीं (4) दोनों में दोष

**15.** The Oldest High Court in India is in

(1) Delhi (2) Mumbai (3) Allahabad (4) Kolkata

भारत में सबसे पुराना उच्च न्यायालय है

(1) दिल्ली में (2) मुम्बई में (3) इलाहाबाद में (4) कोलकाता में

**16.** Dower (Mehar) is dealt in

(1) Hindu Law (2) Muslim Law

(3) Christian Law (4) Parsee Law

मेहर की चर्चा की गई है

(1) हिन्दू विधि में (2) मुस्लिम विधि में

(3) क्रिश्चियन विधि में (4) पारसी विधि में

**17.** A constitutional bench of the Supreme Court consists of at least

(1) 3 Judges (2) 5 Judges (3) 6 Judges (4) 7 Judges

www.bwcampus.com

उच्चतम न्यायालय के सांविधानिक पीठ में न्यूनतम होते हैं

(1) 3 न्यायाधीश (2) 5 न्यायाधीश (3) 6 न्यायाधीश (4) 7 न्यायाधीश

**18.** Which of the following is not a Central Government Tax?

(1) Custom Duty (2) Land Revenue

(3) Income Tax (4) Excise Duty

निम्नलिखित में से कौन केन्द्र सरकार का कर नहीं है?

(1) सीमा शुल्क (2) भूराजस्व (3) आयकर (4) उत्पाद शुल्क

**19.** *X* and *Y* agree to commit theft in *Z*'s house, but theft is not actually committed. They are guilty of

(1) no offence (2) abetment by conspiracy

(3) abetment by instigation (4) criminal conspiracy

*X तथा Y, Z के मकान में चोरी करने हेतु सहमत होते हैं, परन्तु वास्तव में चोरी नहीं की जाती। वे दोषी हैं*

(1) किसी अपराध के नहीं (2) षडयंत्र के द्वारा दुष्प्रेरण

(3) उकसाहट के द्वारा दुष्प्रेरण (4) आपराधिक षड्यंत्र

**20.** Which High Court has the highest number of benches in India?

(1) Allahabad High Court (2) Punjab and Haryana High Court

(3) Mumbai High Court (4) Guwahati High Court

भारत में किस उच्च न्यायालय की सर्वाधिक संख्या में पीठें हैं?

(1) इलाहाबाद उच्च न्यायालय (2) पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय

(3) मुम्बई उच्च न्यायालय (4) गुवाहाटी उच्च न्यायालय

www.bwcampus.com

**21.** Where is the National Judicial Academy located?

(1) Mumbai (2) Bhopal (3) Kolkata (4) Delhi

नेशनल जुडिशियल अकादमी कहाँ स्थित है?

(1) मुम्बई (2) भोपाल (3) कोलकाता (4) दिल्ली

**22.** The High Court of a State is under the direct supervision of

(1) Governor (2) President

(3) Parliament (4) Supreme Court

राज्य का उच्च न्यायालय प्रत्यक्ष पर्यवेक्षण में होता है

(1) राज्यपाल के (2) राष्ट्रपति के

(3) संसद के (4) उच्चतम् न्यायालय के

**23.** Legal Education in India is controlled by

(1) Supreme Court (2) Bar Council of India

(3) Bar Federation of India (4) Ministry of Law and Justice

भारत में विधिक शिक्षा नियंत्रित होती है

(1) उच्चतम न्यायालय द्वारा (2) भारतीय विधिज्ञ परिषद् द्वारा

(3) भारतीय विधिज्ञ संघ द्वारा (4) विधि एवं न्याय मंत्रालय द्वारा

**24.** How many High Courts are there in India?

भारत में कितने उच्च न्यायालय हैं?

(1) 28 (2) 25 (3) 21 (4) 22

www.bwcampus.com

**25.** Which of the following is not a Fundamental Right?

(1) Right to Freedom
(2) Right of Equality
(3) Right to Property
(4) Right to Constitutional Remedy

निम्नलिखित में से कौन-सा मौलिक अधिकार नहीं है?

(1) स्वतंत्रता का अधिकार
(2) समानता का अधिकार
(3) सम्पत्ति का अधिकार
(4) संवैधानिक उपचार का अधिकार

**26.** Besides its permanent seat in Delhi, the Supreme Court can also meet at

(1) any other Union Territory
(2) any other place as decided by the Chief Justice in consultation with the President
(3) any other major city
(4) any other metropolitan city

दिल्ली में इसके स्थायी रूप से अधिविष्ट होने के अतिरिक्त उच्चतम न्यायालय अधिविष्ट हो सकता है

(1) किसी संघ राज्यक्षेत्र में
(2) कोई ऐसा स्थान जिसे भारत के मुख्य न्यायमूर्ति, राष्ट्रपति के अनुमोदन के साथ नियत करें
(3) किसी प्रमुख नगर में
(4) किसी अन्य महानगर में

**27.** The Supreme Court of India decides the disputes regarding the election of

(1) the President and Vice-President
(2) the Speaker and Deputy Speaker
(3) the Prime Minister
(4) All of the above

निर्वाचन सम्बन्धी विवाद उच्चतम न्यायालय निर्णीत करता है

(1) राष्ट्रपति एवं उपराष्ट्रपति का
(2) अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का
(3) प्रधानमंत्री का
(4) उपरोक्त में से सभी का

www.bwcampus.com

**28.** A judge of the Supreme Court retires at the age of

(1) 65 years (2) 62 years (3) 60 years (4) 68 years

उच्चतम न्यायालय का न्यायाधीश सेवा निवृत्त होता है

(1) 65 वर्ष की आयु पर (2) 62 वर्ष की आयु पर

(3) 60 वर्ष की आयु पर (4) 68 वर्ष की आयु पर

**29.** A judge of a High Court retires at the age of

(1) 58 years (2) 65 years (3) 62 years (4) 60 years

उच्च न्यायालय का न्यायाधीश सेवा निवृत्त होता है

(1) 58 वर्ष की आयु पर (2) 65 वर्ष की आयु पर

(3) 62 वर्ष की आयु पर (4) 60 वर्ष की आयु पर

**30.** A Judge of the Supreme Court can be removed from office only on the ground of

(1) senility (2) proven misbehaviour or incapacity

(3) imbecile conduct (4) gross-inefficiency

उच्चतम न्यायालय का न्यायाधीश पद से हटाया जा सकता है केवल

(1) वृद्धावस्था के कारण मानसिक असमर्थता के आधार पर

(2) साबित कदाचार या असमर्थता के आधार पर

(3) सठियापा के आधार पर

(4) घोर अदक्षता के आधार पर

**31.** If the Parliament passes a law, which is against the Constitution, it can be declared as unconstitutional by

(1) District Court (2) Chief Justice of India

(3) President (4) Supreme Court



www.bwcampus.com

यदि संसद कोई ऐसी विधि पारित करता है जो संविधान के विरुद्ध है, तो इसे असंवैधानिक घोषित किया जा सकता है

(1) जिला न्यायालय द्वारा (2) भारत के मुख्य न्यायमूर्ति द्वारा

(3) राष्ट्रपति द्वारा (4) उच्चतम न्यायालय द्वारा

**32.** The minimum number of Judges to sit on the constitutional bench or a bench which gives its advisory opinion on a reference by the President must be

(1) one-third of the total strength of the Court

(2) 3

(3) 7

(4) 5

संविधान पीठ या ऐसी पीठ जो राष्ट्रपति द्वारा निर्देश किये जाने पर सलाहकारी राय देता है, के अन्तर्गत न्यूनतम न्यायाधीशों की संख्या होनी चाहिए

(1) न्यायालय में न्यायाधीशों की एक-तिहाई (2) 3

(3) 7 (4) 5

**33.** The main sources of law in India are

(1) the Constitution (2) statutes

(3) customary law (4) judicial decisions of superior courts

भारत में विधि के प्रमुख स्रोत हैं

(1) संविधान (2) संविधियाँ

(3) प्रथागत विधि (4) वरिष्ठ न्यायालयों के न्यायिक निर्णय

www.bwcampus.com

34. A retired Judge of a High Court cannot

(1) practice in any Court in India

(2) practice in the High Court from where he has retired

(3) practice in any High Court in India

(4) practice in the Supreme Court

उच्च न्यायालय का सेवानिवृत्त न्यायाधीश विधि-व्यवसाय नहीं कर सकता है

(1) भारत के किसी न्यायालय में

(2) उस उच्च न्यायालय में जहाँ से वह सेवानिवृत्त हुआ है

(3) भारत के किसी उच्च न्यायालय में

(4) उच्चतम न्यायालय में

35. Law Day is observed in

(1) 25th November (2) 26th November

(3) 9th November (4) 6th October

विधि दिवस मनाया जाता है

(1) 25 नवम्बर को (2) 26 नवम्बर को (3) 9 नवम्बर को (4) 6 अक्टूबर को

36. Who decides disputes regarding the election of Vice-President?

(1) Supreme Court (2) The Parliament

(3) The President (4) The Speaker

उप-राष्ट्रपति के निर्वाचन सम्बन्धी विवादों का निर्णय कौन करता है?

(1) उच्चतम न्यायालय (2) संसद (3) राष्ट्रपति (4) अध्यक्ष

www.bwcampus.com

**37.** A person whose guardian is appointed during his minority becomes major at the age of

(1) 31 years (2) 28 years (3) 21 years (4) 18 years

एक व्यक्ति जिसकी अवयस्कता के दौरान संरक्षक की नियुक्ति की जाती है, किस आयु पर वयस्क होता है?

(1) 31 वर्ष (2) 28 वर्ष (3) 21 वर्ष (4) 18 वर्ष

**38.** *A* transfers Rs 10,000 to his niece, if she will desert her husband. The transfer is

(1) not void (2) void (3) valid (4) voidable

*A* अपनी भतीजी को 10,000 रु० का अन्तरण करता है यदि वह अपने पति का अभित्याग कर देगी। अन्तरण है

(1) शून्य नहीं (2) शून्य (3) वैध (4) शून्यकरणीय

**39.** A transfer made directly to an unborn person is

(1) not voidable (2) valid (3) not valid (4) voidable

किसी अजात व्यक्ति को सीधा किया गया अन्तरण है

(1) शून्यकरणीय नहीं (2) वैध (3) वैध नहीं (4) शून्यकरणीय

**40.** Which one of the following is not a transfer of property?

(1) Will (2) Gift (3) Exchange (4) Sale

निम्न में से कौन सम्पत्ति का अन्तरण नहीं है?

(1) वसीयत (2) दान (3) विनिमय (4) विक्रय

**41.** If the donee dies before the acceptance of the gift, the gift is

(1) not void (2) void (3) valid (4) voidable

यदि दान के प्रतिग्रहण के पूर्व आदाता की मृत्यु हो जाती है, तो दान है

(1) शून्य नहीं (2) शून्य (3) वैध (4) शून्यकरणीय

www.bwcampus.com

**42.** In a bailable offence, the bail is granted as a matter of right

(1) by the Police Officer and the Court

(2) by the Court

(3) by the Police Officer

(4) either (1) or (3)

जमानती अपराध में जमानत अधिकार स्वरूप दिया जाता है

(1) पुलिस अधिकारी एवं न्यायालय द्वारा
(2) न्यायालय द्वारा

(3) पुलिस अधिकारी द्वारा
(4) (1) या (3) में से कोई

**43.** The maximum monthly maintenance allowance that can be granted is

(1) Rs 1,500

(2) Rs 1,000

(3) Rs 5,000

(4) according to the discretion of the Court

अधिकतम मासिक भरण-पोषण जो दिया जा सकता है, वह है

(1) 1,500 रु०
(2) 1,000 रु०

(3) 5,000 रु०
(4) न्यायालय के विवेकानुसार

**44.** An act or omission made punishable by any law for the time being is called

(1) wrong (2) offence (3) criminal case (4) charge

किसी कार्य या लोप को जो विधि द्वारा किसी भी समय दण्डनीय है, कहा जाता है

(1) दोष (2) अपराध (3) आपराधिक मामला (4) आरोप

www.bwcampus.com

**45.** A woman ran to a well stating that she would jump in it, but she was caught before she could reach it. She is guilty of

(1) attempt to culpable homicide (2) attempt to injure himself

(3) attempt to suicide (4) no offence

एक औरत यह कहते हुए कुएँ की ओर दौड़ी कि वह उसमें कूद जायगी, परन्तु वह वहाँ पहुँचने से पहले पकड़ ली गयी। वह दोषी है

(1) सदोष मानव वध के प्रयास का (2) स्वयं को क्षति कारित करने के प्रयास का

(3) आत्महत्या के प्रयास का (4) कोई अपराध नहीं

**46.** Seven persons on a railway platform started fighting with each other. The passengers present got annoyed and felt disturbed. These seven persons are guilty of

(1) assault (2) affray

(3) rioting (4) unlawful assembly

सात व्यक्ति रेलवे प्लेटफॉर्म पर एक-दूसरे से लड़ना शुरू कर देते हैं। वहाँ वर्तमान यात्री क्षुब्ध हो गये तथा परेशानी अनुभव करने लगे। यह सात व्यक्ति किस अपराध के दोषी हैं?

(1) हमला (2) दंगा

(3) बलवा (4) विधि विरुद्ध जमाव

**47.** *A* for the purpose of inducing *B* to desist from prosecuting a civil case, threatens to burn *B*'s house. *A* is guilty of

(1) criminal intimidation (2) abetment

(3) breach of peace (4) assault

*A* एक सिविल वाद चलाने से प्रतिविरत रहने हेतु न को उत्प्रेरित करने के उद्देश्य से *B* के मकान को जलाने की धमकी देता है। *A* दोषी है

(1) आपराधिक अभित्रास का (2) दुष्प्रेरण का

(3) शान्ति भंग का (4) हमले का

www.bwcampus.com

**48.** The offence of theft is related to

(1) moveable and immovable property (2) immovable property only

(3) moveable property only (4) All of these

चोरी का अपराध सम्बन्धित है

(1) जंगम एवं स्थावर सम्पत्तियों से (2) केवल स्थावर सम्पत्ति से

(3) केवल जगंम सम्पत्ति से (4) उपरोक्त सभी

**49.** *A* instigates *B* to murder *D*. *B* refuses to do so. What offence is *A* guilty of?

(1) Abetment (2) No offence (3) Murder (4) Conspiracy

*A*, *D* की हत्या करने के लिये *B* को उकसाता है। *B* ऐसा करने से इनकार कर देता है। *A* किस अपराध हेतु दोषी है?

(1) दुष्प्रेरण (2) कोई अपराध नहीं (3) हत्या (4) षड्यंत्र

**50.** Robbery becomes dacoity when committed by

(1) at least ten persons

(2) five or more persons

(3) more than two but less than five persons

(4) two persons

लूट डकैती हो जाती है यदि वह साथ में किया जाये

(1) न्यूनतम दस व्यक्तियों के (2) पाँच या अधिक व्यक्तियों के

(3) दो से अधिक परन्तु पाँच से कम व्यक्तियों के (4) दो व्यक्तियों के

www.bwcampus.com

**51.** Murder is punishable with

(1) imprisonment for 14 years

(2) death or imprisonment for life

(3) imprisonment for life or imprisonment for 14 years

(4) death

हत्या दण्डनीय है

(1) 14 वर्ष का कारावास (2) मृत्यु या आजीवन कारावास

(3) आजीवन कारावास या 14 वर्ष कारावास (4) मृत्यु

**52.** A proposal when accepted becomes

(1) offer (2) contract (3) promise (4) agreement

प्रस्तावना जब स्वीकार कर ली जाती है, तो हो जाती है

(1) प्रस्ताव (2) संविदा (3) वचन (4) करार

**53.** When the consent of a party to a contract has been obtained by undue influence, fraud or misrepresentation, the contract is

(1) legal (2) voidable (3) void (4) enforceable

यदि किसी संविदा के पक्षकार की सहमति असम्यक असर, कपट या दुर्व्यपदेशन से प्राप्त की जाती है, तो वह संविदा होती है

(1) वैध (2) शून्यकरणीय (3) शून्य (4) प्रवर्तनीय

**54.** Who among the following is not appointed by the President?

(1) Attorney-General (2) Advocate General

(3) Chief Justice of India (4) Chief Election Commissioner



www.bwcampus.com

निम्न में से कौन राष्ट्रपति के द्वारा नियुक्त नहीं किया जाता है?

(1) महान्यायवादी (2) महाधिवक्ता

(3) भारत का मुख्य न्यायाधीश (4) मुख्य निर्वाचन आयुक्त

**55.** Elections to fill up one-third seats of Rajya Sabha are held

(1) every year (2) once in two years

(3) once in five years (4) once in six years

राज्यसभा की एक-तिहाई सीटों को भरने हेतु निर्वाचन होता है

(1) प्रति वर्ष (2) दो वर्षों में एक बार

(3) पाँच वर्षों में एक बार (4) छः वर्षों में एक बार

**56.** The power to grant pardon to persons convicted of an offence is vested in

(1) President and Governor (2) Parliament

(3) Union Law Minister (4) Attorney-General

सिद्धदोष ठहराये गए किसी व्यक्ति को क्षमा प्रदान करने की शक्ति निहित है

(1) राष्ट्रपति एवं राज्यपाल में (2) संसद में

(3) केन्द्रीय गृहमंत्री में (4) महान्यायवादी में

**57.** *A* has a general merchandise shop which is doing well. *B* opens a similar shop nearby and sells the products at a cheaper rate. The customers now came to *B*'s shop instead of *A*'s shop, who consequently suffers loss. Can *A* claim damages from *B* for the loss caused to him?

(1) Yes, he can, as *B* has violated his legal right

(2) No, *B* has reduced the price on his own

(3) No, because though there was damage, there was no legal injury

(4) Yes, because *B*'s intention was to harm *A*



www.bwcampus.com

*A* की एक परचून की दुकान है जो अच्छी चल रही है। *B* उसी के पास वैसी ही एक दुकान खोलता है तथा उससे सस्ते दर पर वस्तुएँ बेचता हैं। ग्राहक *A* की दुकान के बदले *B* की दुकान पर जाने लगते हैं जिसके परिणामस्वरूप *A* को नुकसान होता है। क्या *A* अपने नुकसान के लिये *B* से क्षतिपूर्ति का दावा कर सकता है?

(1) हाँ, वह कर सकता है क्योंकि *B* ने उसके विधिक अधिकार का अतिक्रमण किया है

(2) नहीं, क्योंकि *B* ने अपने से मूल्य कम किया है

(3) नहीं, क्योंकि यद्यपि नुकसान हुआ है, कोई विधिक क्षति नहीं हुई है

(4) हाँ, क्योंकि *B* का आशय *A* को नुकसान पहुँचाना था

**58.** What is the meaning of the word 'battery'?

(1) Cells, as used in a torch

(2) Battering a person to death

(3) Actual or intended striking another person

(4) Assault

'बैटरी' का विधिक तात्पर्य क्या है?

(1) टॉर्च में प्रयोग की जाने वाली सैल

(2) किसी व्यक्ति को पीटकर मार डालना

(3) किसी व्यक्ति को वास्तविक या अभिप्रेत आघात

(4) हमला

**59.** The word 'vice-versa' means

(1) refer to (2) conversely (3) against (4) truth

'वाइस-वर्सा' शब्द का तात्पर्य है

(1) निर्दिष्ट करना (2) विपरीत रूप में (3) विरुद्ध (4) सत्यता

www.bwcampus.com

**60.** The President of India is elected for

(1) 4 years (2) 6 years (3) 5 years (4) 7 years

भारत का राष्ट्रपति निर्वाचित होता है

(1) 4 वर्षों के लिये (2) 6 वर्षों के लिये (3) 5 वर्षों के लिये (4) 7 वर्षों के लिये

**61.** *A* along with eight others went to a nearby village to beat some of his enemies. In this fight *A* was injured. The men bers of the opposite party ran away. Thereafter *A*'s friends followed the opponents and killed one of them

(1) *A* and his friends are liable to be punished for murder

(2) only *A* is liable, others are liable for minor offences only

(3) no one is liable since they exercised the right of private defence

(4) *A* and his friends are liable for culpable homicide only

*A* और उसके आठ साथी पास के एक गाँव में अपने कुछ दुश्मनों को पीटने के लिये गये। इस लड़ाई में *A* को चोट लगी। विरोधी पक्ष के सदस्य भाग गये। इसके बाद *A* के साथियों ने विरोधियों का पीछा किया तथा उनमें से एक को मार डाला

(1) *A* तथा उसके साथी हत्या हेतु दण्डित होने योग्य हैं

(2) केवल *A* जिम्मेदार है, अन्य केवल छोटे अपराधों हेतु जिम्मेदार हैं

(3) कोई जिम्मेदार नहीं है क्योंकि उन्होंने प्राइवेट प्रतिरक्षा का प्रयोग किया

(4) *A* एवं उसके साथी केवल सदोष मानव वध हेतु जिम्मेदार हैं

**62.** A false doctor operated upon a man for internal piles by cutting them out with an ordinary knife. The man died of haemorrhage

(1) doctor is guilty of murder

(2) doctor is not guilty

(3) doctor is guilty of culpable homicide not amounting to murder

(4) doctor is guilty of impersonation only

www.bwcampus.com

एक नकली डॉक्टर साधारण चाकू से एक आदमी के आन्तरिक बवासीर का ऑपरेशन कर उन्हें काटकर बाहर करता है। आदमी रक्तस्राव के कारण मर जाता है

(1) डॉक्टर हत्या का दोषी है

(2) डॉक्टर दोषी नहीं है

(3) डॉक्टर हत्या की कोटि में न आने वाले सदोष मानव वध का दोषी है

(4) डॉक्टर केवल प्रतिरूपण का दोषी है

**63.** *A* finds a diamond ring, not knowing to whom it belongs. He sells it immediately to a jeweller

(1) he is guilty of criminal misappropriation

(2) he is not guilty of criminal misappropriation

(3) he is guilty of cheating

(4) he is guilty of theft

*A* एक हीरे की अँगूठी पाता है, वह नहीं जानता कि यह किसकी है। वह तुरन्त इसे एक जाहरी को बेच देता है

(1) वह आपराधिक दुर्विनियोग का दोषी है

(2) वह आपराधिक दुर्विनियोग का दोषी नहीं है

(3) वह छल का दोषी है

(4) वह चोरी का दोषी है

**64.** *A* mixes sugar, thinking it was poison in the tea meant for *B* with the intention of causing his death. What, offence, if any, has been committed by *A* ?

(1) *A* is not liable for any offence

(2) *A* is liable for attempt to murder

(3) *A* is guilty of criminal conspiracy

(4) *A* is guilty of bad intention



www.bwcampus.com

A, B की मृत्यु कारित करने के उद्देश्य से उसकी चाय में जहर समझते हुए चीनी मिलाता है। A ने कौन-सा अपराध, यदि कोई है, किया है?

(1) A किसी अपराध हेतु जिम्मेदार नहीं है

(2) A हत्या के प्रयास हेतु जिम्मेदार है

(3) A आपराधिक षड्यंत्र का दोषी है

(4) A बुरे आशय का दोषी है

**65.** X, a Police Officer, tortures Y, to tell him where the stolen property is kept by him. Has X committed any offence?

(1) X is not liable since he is discharging his duty

(2) X is liable since custodial torture is not a part of his duty

(3) X is not liable since the torture was to extract confession

(4) X is not liable since Y is a habitual thief

X, एक पुलिस अधिकारी यह बताने के लिये कि उसने चोरी की गई सम्पत्ति कहाँ रखी है Y को यातना देता है। क्या X ने कोई अपराध किया है?

(1) X जिम्मेदार नहीं है क्योंकि वह केवल अपने कर्त्तव्य का निर्वाह कर रहा है

(2) X जिम्मेदार है क्योंकि अभिरक्षा में यातना देना उसके कर्त्तव्य में शामिल नहीं है

(3) X जिम्मेदार नहीं है क्योंकि यातना संस्वीकृति लेने हेतु दी गयी है

(4) X जिम्मेदार नहीं है क्योंकि Y आभ्यसिक चोर है

**66.** A was suffering from Jaundice and inflamation of brain and B knew this condition. One day during a heated argument between them A slapped B in anger. B lost his control and dealt a severe blow on A's head. A died. The police sought to prosecute B for murder

(1) B was liable for murder because he knew of A's delicate condition

(2) B was not liable as he acted in self-defence

(3) B was not liable for murder because he did not intent to kill A

(4) B was not liable for murder because he acted under grave and sudden provocation



www.bwcampus.com

*A* पीलिया एवं मस्तिष्क जलन से पीड़ित था, *B* इस अवस्था को जानता था। एक दिन गर्म बहस के दौरान *A* ने क्रोध में *B* को थप्पड़ मार दिया। *B* अपना नियंत्रण खो बैठा तथा *A* के सिर में जोर से घूँसा मारा। *A* मर गया पुलिस ने *B* को हत्या के लिये अभियोजित करना चाहा

(1) *B* हत्या के लिये जिम्मेदार था क्योंकि वह *A* की नाज़ुक अवस्था को जानता था

(2) *B* जिम्मेदार नहीं था क्योंकि उसने आत्मरक्षा में कार्य किया

(3) *B* हत्या के लिये जिम्मेदार नहीं था क्योंकि वह *A* को जान से मारने का आशय नहीं रखता था

(4) *B* हत्या के लिये दोषी नहीं था क्योंकि उसने घोर और आकस्मिक प्रकोपन में कार्य किया

**67.** Mahendra, a rich industrialist buys a plot of land in the name of his concubine. Is Mahendra liable for punishment?

(1) No, he has not broken any law

(2) Yes, because he has entered into a Benami transaction

(3) Yes, because the exception of law does not apply in his case

(4) Both (2) and (3)

महेन्द्र, एक धनी उद्योगपति अपनी रखैल के नाम से भूमि का एक टुकड़ा खरीदता है। क्या महेन्द्र दण्ड के लिये जिम्मेदार है?

(1) नहीं, उसने किसी विधि को नहीं तोड़ा है

(2) हाँ, क्योंकि उसने एक बेनामी संव्यवहार किया है

(3) हाँ, क्योंकि उसके मामले में विधि का अपवाद लागू नहीं होता

(4) (2) एवं (3) दोनों

**68.** Krishna went to Rama Store to buy bread. On being asked to give him good bread, the shopkeeper recommended 'Modern Bread' as that brand was popular. When Krishna was eating the bread a stone embedded in it broke his teeth. Krishna sued both Rama Store and Modern Bread for compensation

(1) Modern Bread alone will be liable (2) Rama Store alone will be liable

(3) both are liable (4) None are liable



www.bwcampus.com

कृष्ण रामा स्टोर पर ब्रेड खरीदने गया। अच्छी ब्रेड माँगने पर दुकानदार ने उसे 'मॉडर्न ब्रेड' की सलाह दी क्योंकि वह एक लोकप्रिय ब्रांड था। जब कृष्ण ब्रेड खा रहा था, उसके अन्दर गड़े एक कंकड़ से उसका दाँत टूट गया। कृष्ण ने रामा स्टोर तथा मॉडर्न ब्रेड दोनों के विरुद्ध क्षतिपूर्ति हेतु वाद चलाया

(1) केवल मॉडर्न ब्रेड जिम्मेदार होगा

(2) केवल रामा स्टोर जिम्मेदार होगा

(3) दोनों जिम्मेदार हैं

(4) कोई जिम्मेदार नहीं है

**69.** Mohan was walking on a lonely road. Babu came with a knife and told Mohan "Your life or your purse". Mohan pulled out his revolver. On seeing it Babu ran and Mohan shot him in the leg

(1) Mohan will not be punished as there was danger to his property

(2) Mohan will not be punished as the force he used was proportionate to the apprehended injury

(3) Mohan will be punished as the force employed was disproportionate to the apprehended injury

(4) as Babu ran to escape there was no longer a threat to Mohan's property. So Mohan will be punished

मोहन एक सुनसान सड़क पर टहल रहा था। बाबू एक चाकू के साथ आया और मोहन से कहा ''अपना जीवन या अपना बटुआ''। मोहन ने अपनी रिवाल्वर निकाला। उसे देखकर बाबू भागा तथा मोहन ने उसके पैर में गोली मार दी

(1) मोहन को दण्डित नहीं किया जायेगा क्योंकि उसकी सम्पत्ति को खतरा था

(2) मोहन को दण्डित नहीं किया जायेगा क्योंकि जो बल प्रयोग किया वह आशंकित क्षति के आनुपारित था

